विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

रतनगढ़ (निसं)। कांग्रेस नेता रफीक मंडेलिया के जन्मदिन पर सोमवार को क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ तथा दानपुण्य कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। सोमवार की सुबह कांग्रेस नेता हेमंत सारस्वत ने गोशाला में गायों को दलिया व गुड़ खिलाया। वहीं रविवार की रात साधु-संतों सहित 150 जरूरतमंदों लोगों को कंबलों का वितरण किया गया। पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत व कांग्रेस नेता सारस्वत ने श्री तालवाले बालाजी मंदिर अन्नक्षेत्र में साधु-संतों को भोजन करवाया तथा नगरपालिका में सफाई सेवकों को गौंद के लड्डुओं का वितरण किया गया। इसके पश्चात शहर की महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

आम सूचना

मैं सुगनसिंह पुत्र स्व. सवार नं. 1014517M-नारायण सिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम लादड़िया तहसील चूरू जिला चूरू (राज.) का रहने वाला हूं, जो शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे पिताजी स्व. नारायणसिंह के सेना के रिकॉर्ड/पार्ट टू ऑर्डर में मेरी माताजी का भूलवश नाम सोना बाई दर्ज करवा दिया गया था। जबकि मेरी माताजी का सही नाम सोहन कंवर ही है। मेरी माताजी की मृत्यु हो चुकी है। मेरी माताजी ने अपने जीवन काल में अपना नया नाम सोहन कंवर ही रख लिया था। सोना बाई व सोहन कंवर एक ही औरत का नाम था। जो मेरी माताजी का ही नाम है। भविष्य में मेरी माताजी को उनके नये नाम सोहन कंवर के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी महोदय, नवलगढ़

क्रमांक : 36 दिनांक 16/01/2025

जयप्रकाश सांगानेरिया वगैरह बनाम सुभाष चन्द्र वगैरह
दावा बाबत इस्तकरारहक, दुरूस्ती रिकॉर्ड, स्थाई निषेधाज्ञा तथा शून्य व बेअसर घोषित किये जाने विक्रय-पत्र दिनांक 09.12.2015 व 09.12.2015

वाद सं.

1. सुभाष चन्द्र पुत्र बनवारी लाल 2. अरविन्द पुत्र बनवारीलाल 3. उर्मिला पुत्री बनवारीलाल 4. पुष्पलता पुत्री बनवारी लाल 5. बिमला पुत्री बनवारी लाल 6. विधा पुत्री बनवारी 7. विपिन कुमार पुत्र बनवारी लाल जाति महाजन निवासीगण कस्बा नवलगढ़ तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं राज.। 8. विमल कुमार पुत्र रामवतार 9. निर्मल कुमार पुत्र रामवतार 10. कृष्ण मुरारी पुत्र रामवतार 11. प्रभूदयाल पुत्र रामवतार जाति महाजन निवासीगण कस्बा नवलगढ़ तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं राज.। 12. दिलीप पुत्र मातादीन 13. कैलाश पुत्र मातादीन 14. गोपीकिशन पुत्र गोरीशंकर 15. गौतम पुत्र राधाकिशन 16. रामगोपाल पुत्र नथमल 17. राजेन्द्र पुत्र बद्रीप्रसाद 18. दिनेश पुत्र बद्रीप्रसाद जाति महाजन निवासीगण नवलगढ़ तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं राज.। 19. पवन कुमार पुत्र छगनलाल 20. पंकज कुमार पुत्र छगनलाल 21. किशोरीलाल पुत्र रामसुन्दर 22. दिलीप कुमार पुत्र रामसुन्दर 23. किशनलाल पुत्र भजनलाल 24. विजय कुमार पुत्र भजनलाल 25. सुरेन्द्र कुमार पुत्र प्यारेलाल 26. जितेन्द्र कुमार पुत्र प्यारेलाल 27. पंकज कुमार पुत्र तुगनलाल जाति महाजन निवासीगण नवलगढ़ तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं राज.। 28. अनु पुत्री प्यारेलाल 29. मीना पुत्री प्यारेलाल 30. सीमा पुत्री प्यारेलाल 31. सूर्यकान्त पुत्र तुलसीराम 32. शशीकान्त पुत्र तुलसीराम 33. सावित्री देवी पुत्री तुलसीराम जाति महाजन निवासीगण नवलगढ़ तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं राज.। 34. महिपाल सिंह पुत्र गोरूराम जाति जाट निवासी तोगडा कलां हाल पीडब्लूडी के पीछे, नवलगढ़ तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं राज.। 35. मनु स्वामी पुत्र सांवलदास जाति स्वामी निवासी नवलगढ़ तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं राज.। 36 सुधीर कुमार पुत्र कैलाशचन्द्र जाति महाजन निवासी डूण्डलोद तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं राज. 37. जगदीश प्रसाद सुण्डा पुत्र मांगूराम सुण्डा जाति निवासी बडवासी तहसील नवलगढ़ जिला झुंझुनूं राज.। वादीगण ने आपके विरूद्ध दावा बाबत इस्तकरारहक, दुरूस्ती रिकॉर्ड, स्थाई निषेधाज्ञा तथा शुन्य व बेअसर घोषित किये जाने विक्रय-पत्र दिनांक 09.12.2015 व 09.12.2015 के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 24 माह 2 सन् 2025 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तवेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद ता. 16 माह 1 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

प्रस्तुतकार - उपखण्ड अधिकारी, नवलगढ़ (झुंझुनूं)

दो जगह फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में ब्लैकिया गैंग के सरगना सहित चार गिरफ्तार

- 160 सीसीटीवी फुटेज खंगाल 3500 किलोमीटर का सफर कर दिल्ली, जयपुर व अलवर से पकड़ा
- राजस्थान के विभिन्न जिलों एवं रेवाड़ी, गुड़गांवा, नारनौल, दिल्ली, यूपी आदि जगह की गई थी तलाश

जयपुर/झुंझुनूं (निसं)। बड़ की ढाणी व हांसलसर फायरिंग मामले में एजीटीएफ झुन्झुनू ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए ब्लैकिया गैंग के मुख्य सरगना लोकेश ऊर्फ लक्की गुर्जर पुत्र सुलतानराम (22) निवासी कुडी की ढाणी तन बांसियाल थाना मेहाडा सहित हेमन्त मान पुत्र राजेश मान (19), इसके भाई हिमांशु मान (19) निवासी ईलाखर थाना मेहाडा एवं सुनिल खटाणा पुत्र मनीराम गुर्जर (23) निवासी कुडी की ढाणी तन बांसियाल थाना मेहाडा जिला झुन्झुनू को गिरफ्तार किया है।

डीआईजी शरद चौधरी ने बताया कि लोकेश ऊर्फ लक्की गुर्जर व सुनिल खटाणा को रंगपुरी महिपालपुर नई दिल्ली, हेमन्त मान को विश्वकर्मा जयपुर व हिमांशु मान को अलवर से दस्तयाब किया गया गठित टीमों द्वारा राजस्थान व अन्य राज्यों के करीब 160 सीसीटीवी कैमरे चैक कर राज्य के विभिन्न जिलों सहित रेवाड़ी, गुड़गांवा, नारनौल, दिल्ली, यूपी आदि जगह आरोपियों की तलाश की। इस दौरान टीम ने करीब 3500 किमी मुल्जिमों का पीछा किया।

डीआईजी चौधरी ने बताया कि 14 जनवरी को बड की ढाणी, गुढा बावनी थाना गुढागौडजी निवासी रस्मी देवी महला ने रिपोर्ट दी थी आज रात करीब 2.30 बजे उसके घर लक्की गुर्जर, हेमन्त मान, हिमांशु मान, अनिल गढला, रोहत उर्फ जोनी भाकर, पुष्पेन्द्र गुर्जर, सुनिल किठानी दो गाडी व एक मोटरसाईकल लेकर आये। मारने के लिये इन्होंने फायरिंग की तो बचाव में उसने घर का गेट बन्द कर लिया। वहां पर 25 खाली खोखे मिले। इन लोगों ने गाली गलौच कर उसे परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। रिपोर्ट पर अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई

मामले की गंभीरता को देखते हुये डीआईजी शरद चौधरी द्वारा सीओ राजवीर सिंह के नेतृत्व में एसएचओ गुढागौडजी राममनोहर, जिला स्पेशल टीम व साईबर सैल से अलग अलग टीमो का गठन कर अवैध हथियारो से फायर कर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियो की तलाश के लिए विशेष निर्देश दिये गये। गठित टीमों द्वारा आसूचना व तकनीकी संसाधनो के माध्यम से व करीब 160 सीसीटीवी कैमरे चैक किये गये। फायरिंग करने वाले ब्लैकिया गैंग के मुख्य आरोपी लोकेश ऊर्फ लक्की गुर्जर व साथी सुनिल खटाणा व हेमन्त मान व हिमांशु मान को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया, जिनसे अनुसंधान व पूछताछ जारी है।

गिरफ्तार आरोपी लोकेश उर्फ लक्की गुर्जर के विरुद्ध गंभीर प्रकृति के 10, हेमंत मान के विरुद्ध सात, सुनील खटाना के विरुद्ध तीन एवं हिमांशु मान के विरुद्ध दो आपराधिक मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसएचओ बुहाना उमराव के साथ एजीटीएफ से प्रभारी विक्रम सिंह मुआ, कांस्टेबल विक्रम सिंह, सुरेंद्र कुमार, अंकित ओला, अमित मोडसरा, पवन कुमार, संदीप, योगेंद्र एवं साइबर सेल से हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार मुआ, जितेंद्र थाकन एवं अरविंद कुमार शामिल थे।

इस कार्रवाई में एजीटीएफ के कांस्टेबल सुरेंद्र काजला व साइबर सेल के कांस्टेबल अरविंद कुमार का विशेष योगदान रहा।

सार-समाचार

हरीश तुलस्यान राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

झुंझुनूं, (निसं)। अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच के 40वें मंच स्थापना दिवस सोमवार को राजस्थान प्रांतीय मारवाडी युवा मंच के संस्थापक अध्यक्ष हरिश तुलस्यान झुंझुनूं को मंच सेवा कार्यों, सामाजिक समरसता, शाखा व सदस्यता विस्तार, राष्ट्रीय विकास एवं एकता, मंच प्रगति में उनके शानदार सहयोग, उत्कृष्ट नेतृत्व एवं अप्रतिम योगदान के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड, राष्ट्रीय महामंत्री सुंदरप्रकाश एवं प्रांतीय अध्यक्ष अभिषेक मेठी ने राष्ट्रीय स्तर पर अभिनंदन पत्र प्रेषित करते हुए उनका हार्दिक अभिनंदन आभार प्रकट किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष से प्राप्त अभिनंदन पत्र को डेजर्ट चौपाटी परिसर में हरीश तुलस्यान को मारवाडी युवा मंच के पूर्व पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भेंट किया। हरीश तुलस्यान को प्राप्त सम्मान पर मारवाडी युवा मंच के पूर्व पदाधिकारी एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें बधाई प्रेषित की है। जिनमें संपत्त चुडैलेवाला, नवल खंडेलिया, निर्मल मोदी, डॉ. डीएन तुलस्यान, प्रदीप पाटोदिया, प्रमोद खंडेलिया, राजेश केजडीवाल, मुकेश गुप्ता एवं सुनील भोडकीवाला प्रमुख है। विदित है कि हरिश तुलस्यान ने झुंझुनूं में मारवाडी युवा मंच की स्थापना की। सेवा कार्यों की बदौलत मंच को नई ऊंचाइयां प्रदान की एवं राजस्थान के विभिन्न जिलों में मंच की शाखाएं खोली। झुंझुनूं में मारवाडी युवा मचं झुंझुनू शाखा की विशिष्ट उपलब्धि रही राष्ट्रीय लघु अधिवेशन संपन्न करवाने की।

डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा का स्वागत

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान सरकार के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा का न्यू राजस्थान स्कूल में स्वागत किया गया। इस मौके पर बैरवा के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, विधायक राजेंद्र भांबू, भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां का भी न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल कैंपस में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं संविधान गौरव अभियान के विधानसभा संयोजक प्यारेलाल ढूकिया के नेतृत्व में स्वागत किया गया। अतिथियों को 31 किलो का पुष्पहार, दूपट्टा, प्रतीक चिह्न एवं गुलदस्ता भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि ढूकिया परिवार शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे है। ढूकिया परिवार धन्यवाद के पात्र हैं। इस अवसर पर दयानंद ढूकिया, लालचंद ढूकिया, रणजीत ढूकिया, संस्था सचिव पीयूष ढूकिया, सरजीत चौधरी, पवन मेघवाल, प्रमोद बुडानियां, चंद्रप्रकाश शुक्ला, महेश जीनगर, नरेंद्रसिंह शेखावत, रवि लांबा, इंद्राज सैनी, सवाई सिंह, संजय जाखड, शेरसिंह निर्वाण, ललित जोशी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अभियान को लेकर बैठक

झुंझुनूं, (निसं)। डाइट में सोमवार को उप निदेशक कमला कालेर की अध्यक्षता में सीएम शिक्षित राजस्थन अभियान आंकलन प्रथम को लेकर बैठक हुई। जिसमें समस्त पीओ विद्यालय स्तर पर प्रश्न पत्रों का वितरण सुनिश्चित करना, जिला स्तर पर डाइट, सीबीईओ स्तर पर फ्लाइंग उडन दस्ता तैयार करना, सभी विद्यालयों में शिक्षकों का मैपिंग का 100 प्रतिशत करना, सीडीओ, डाइट, डीईओ माध्यमिक, प्रारंभिक, सीबीईओ स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन करना जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं परीक्षा को सुचारू रूप से सफल संचालन के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुभाषचंद्र ढाका, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक मनोज ढाका, अनुसूइया मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं शकुंतला गुर्जर परीक्षा प्रभारी डाइट आंकलन प्रथम उपस्थित थे।

भजन संध्या आज

चूरू (निसं)। श्री ढांढण शक्ति भक्त मंडल चूरू की ओर से टीडा गेला दादीजी का अखिल भारतीय रजत जयंती बसंतोत्सव का 47 दिवसीय उत्सव दिव्य ज्योत रथ यात्रा का 41वां ठहराव मंगलवार को चूरू में होगा। इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा व भव्य कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शोभायात्रा मंगलवार दोपहर 01.15 बजे पंखा रोड स्थित श्री धोली सती दादी मंदिर से रवाना होकर मुख्य मार्गों से होते हुए श्रीराम मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा में नासिक के ढोल वादकों की प्रस्तुति व झांकियां आकर्षण का केन्द्र होगी और शाम 06.15 से रात्रि 10 बजे तक भव्य कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें गायक कलाकार अकोला की नेतल शर्मा, कोलकाता के मूलचंद बजाज व मोनू मोर सहित स्थानीय गायक कलाकार अपनी मधुर वाणी से भजनों की अमृत वर्षा करेंगे।

जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने सोमवार को विद्युत, पेयजल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सहित आवश्यक सेवाओं की संबंधित अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक को निर्देश दिये कि जिले में किसानों के लिए खाद-बीज की उपलब्धता रखने के साथ ही आबकारी विभाग निर्धारित समय के बाद बिकने वाली शराब की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।उन्होंने कृषि उपज मण्डी समिति सचिव सीकर को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री कृषक सारथी योजना में कृषकों के आवेदन स्वीकृत करें तथा समर्थन मूल्य पर फसल की खरीद करवायें।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएमओ, लोकायुक्त, पिंक लेटर के जो भी प्रकरण है, उनका प्रोपर जवाब भिजवायें तथा नगर परिषद सीवरेज कनेक्शन के कार्य में गति लाने का प्रयास करें। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण कर कनेक्शन करवाने के लिए निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए समसा विभाग के अधिकारियों को जिले की राज्य स्तरीय रैंकिंग में और सुधार लाने, जिला रोजगार अधिकारी को 29 जनवरी को होने वाले रोजगार मेले की पूर्व तैयारियां करने के संबंध में निर्देश दिये। जिला कलेक्टर शर्मा ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली झांकियों के सम्बंध में संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि झांकियॉ जीवंत रूप में हो, जो आमजन को जागरूकता का एक विशेष संदेश देने वाली हो। उन्होंने झांकियों के लिए संबंधित विभागों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बजट घोषणाओं की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वीकृत 72 कार्यों में से 24 ही कार्य शुरू हुए है, शेष विभाग भी कार्य शुरू करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्युत विभाग को कृषि के 4 हजार बकाया कृषि कनेक्शन करने तथा प्रधानमंत्री सोलर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने जिले में आरएएस प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों को लेकर शिक्षा विभाग को परीक्षा से जुडी सुरक्षा व्यवस्थाओं, नगर परिषद को परीक्षार्थीयों के लिए आवास व्यवस्था, विद्युत विभाग को विद्युत व्यवस्था, उडनदस्ता गठन, केंद्राधीक्षक एवं वीक्षक की नियुक्ति करने के साथ ही मुस्तैदी व पारदर्शिता के साथ आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा को बिना किसी व्यवधान के आयोजित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फ्लाईंग गठित टीम महिला अधिकारी जरूर हो। उन्होंने परीक्षा को मध्यनजर रखते हुए परिवहन विभाग को वाहन की व्यवस्था रखी जाने तथा पुलिस विभाग को यातायात व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने लाईट्स पोर्टल के प्रकरणों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, आबकारी विभाग को रिप्लाई फाइल अपडेट करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव ने सांसद क्षेत्र विकास योजना, विधायक क्षेत्र विकास योजना में भू आवंटन के शिक्षा विभाग के 6 कार्य, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर परिषद को कार्यों के प्रस्ताव शीघ्र ही भिजवाने के निर्देश दिए।

किसानों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया

झुंझुनूं, (निसं)। जिले के मलसीसर, झुंझुनूं, नवलगढ़ आदि ब्लॉकों के दर्जनों गांवों के बीच से बीकानेर-नीमराना की 765 केवी ट्रांसमीशन लाइन का कार्य चल रहा है। जिसे झुंझुनूं में किसानों के विरोध के बाद रोक दिया गया है। लेकिन अभी भी लाइन का काम करने वाली कंपनी के प्रतिनिधि किसानों को डरा धमकार काम करने की कोशिश कर रहे है। इस कार्य के विरोध में किसानों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पर बड़ी सभा की और प्रदर्शन किया।

इस दौरान धरने को किसान नेताओं ने संबोधित किया। इसके बाद कलेक्टर से मिलने की मांग पर महिला किसान आक्रोशित हो गई। आक्रोशित किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने कलेक्ट्रेट के गेट बंद कर दिए। जिसके बाद महिला किसान गेट पर चढ गई और नारेबाजी करने लग गए। जैसे तैसे समझाइश की गई। समझाइश के बाद किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल की कलेक्टर रामावतार मीणा के साथ वार्ता करवाई गई। इस वार्ता में किसान जमीन का मुआवजा 26 लाख रूपए बीघा के हिसाब से देने, अब तक खराब हुई फसलों के नुकसान का आंकलन कर उसका मुआवजा देने जैसी मांग पर अडे रहे।

कलेक्टर ने किसानों को आश्वस्त किया कि जल्द ही उनकी वार्ता कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ करवाई जाएगी। तब तक उन्हें काम नहीं करने दिया जाएगा। इधर, किसान संघर्ष समिति के प्रवक्ता कपिल ऐचरा ने बताया कि आज की वार्ता बेनतीजा रही। लेकिन कलेक्टर ने पांच-सात दिन में कोई समाधान करने का आश्वासन दिया है। कलेक्टर से किसानों ने साफ शब्दों में कहा है कि जब कंपनी और किसानों के बीच सहमति नहीं बन जाती है। तब तक कंपनी को काम करने से रोका जाए। यदि कंपनी के लोग या फिर कंपनी की तरफदारी लेकर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी आएंगे। तो उन्हें खेतों में ही बंधक बना लिया जाएगा।

किसानों ने बिना इजाजत खडी की जा रही लाइन व टावर निर्माण से किसानों की तबाह हो रही खेती व खेतों को बचाने तथा कंपनी की मनमानी के खिलाफ जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर मुआवजे संबंधित नौ सूत्री मांग न मानने तक किसानों के खेतों में न घुसने की चेतावनी दी। किसानों की मांगों पर जिला कलेक्टर ने जल्द ही कंपनी प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करवाने का आश्वासन दिया। वार्ता में प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री की सभा में फरियाद करने वाले किसान रामोतार डांगी को गिरफ्तार करने की आलोचना करते हुए प्रशासन से किसान से मांगने के लिए कहा। प्रदर्शन में अखिल भारतीय किसान सभा, अखिल भारतीय किसान महासभा व जय किसान आंदोलन ने भाग लिया। इस दौरान सभा को कामरेड फूलचंद ढेवा, कामरेड फूलचंद बरबड, कामरेड रामचंद्र कुलहरि, कामरेड कपिल एचरा, गिरधारीलाल महला, कामरेड सुमेर सिंह बुडानिया किसानों ने भाग लिया।

योग जागृति सप्ताह का शुभारंभ

लक्ष्मणगढ़ (निसं)। बालिका आदर्श विद्या मंदिर में विद्या भारती, राजस्थान की योजना अनुसार योग जागृति सप्ताह का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक अंकित कुमावत के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा वंदना सभा के बाद विद्यालय के विधार्थियों को सामूहिक रूप से योग अभ्यास करवाया गया। प्रशिक्षक द्वारा विधार्थियों को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।

ब्लॉक स्तरीय आयुष्मान आरोग्य शिविर कल

झुंझुनूं, (निसं)। जिले में ब्लॉक स्तरीय आयुष्मान आरोग्य शिविर 22 जनवरी से आयोजित किए जाएंगे। सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर ने सोमवार को 22 जनवरी से आयोजित होने वाले आयुष्मान आरोग्य शिविरों की तैयारियों की समीक्षा के लिए बैठक बुलाकर शिविरों के सफल क्रियान्वयन के लिए निर्देशित किया। मीटिंग में बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर चिडावा बीसीएमओ डॉ. तेजपाल कटेवा और चिडावा उप जिला अस्पताल पीएमओ डॉ. सुमनलता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में आए ब्लॉक सीएचसी एसडीएच, डीएच प्रभारी और बीसीएमओ को निर्देश दिए गए कि आयोजन से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर लेवें। शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम आवश्यक रूप से लगाए और पीएचसी स्तर के कैम्प से रैफर किए गए मरीजों को सूचित कर इन ब्लॉक स्तरीय शिविर में बुलाकर उन्हें उचित चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें। साथ आवश्यक ही सर्जरी के लिए स्थान तिथि आदि के बारे में संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराए। बैठक में डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, डॉ. अभिषेक सिंह, सभी बीसीएमओ, संबधित सीएचसी प्रभारी सहित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर, जिला हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- न.पा.रा./भू./2025/ दिनांकः-20.1.2025

आपत्ति-आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री इमत्याज अली पुत्र श्री हबीब खान जाति लखारा (मुसलमान) साकिन वार्ड नं. 35 पीलीबंगा तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ ने खरीदशुदा भूखंड के दस्तावेजों की फोटो प्रति प्रस्तुत कर साईज 10'X25' यानि 250 वर्गफुट का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाने हेतु आवेदन किया है। मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्रीमती गिन्दोड़ी देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश के नाम से साईज 2501.25 वर्गफुट का जारीशुदा है। श्रीमती गिन्दोड़ी देवी ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा द्वारा श्री बलवन्त पुत्र श्री रजीराम जाति जाट को बैचान कर दिया जिसका प्रार्थी द्वारा पालिका आदेश क्रमांक नपारा/भू.3/12/3712 दिनांक 30.10.2012 द्वारा व्यवसायिक भू-उपयोग परिवर्तन करवा लिया गया है। श्री बलवंत ने उक्त भूखंड में से साईज 10X25' जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 20.01.2014 द्वारा श्री सुखलाभ सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह जाति जटसिख को बैचान कर दिया। श्री सुखलाभ सिंह ने उक्त भूखंड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 05.12.2024 द्वारा श्री इमत्याज अली पुत्र श्री हबीब खान को बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त व्यवसायिक भूखंड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

क्रमांकः-न.पा.रा./2024-25/3533-3535 दिनांकः-20.01.2025

आपत्ति आमंत्रण सूचना

स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान जयुपर द्वारा जारी पत्रांक एफ.10( )चुनाव/जन/स्वाषा. /2024/6079 दिनांक 22.11.2024 एवं समसंख्यक पत्रांक 526-1192 दिनांक 30.12.2024 के अनुसार जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर नगर निकायों के वार्डो का पुर्न निर्धारण किया गया है, जिसके अनुसार नगर पालिका राजगढ (चूरू) में वार्डो की कुल संख्या 40 निर्धारित की गई है। उक्त अधिसूचना की पालना में नगर पालिका राजगढ (चूरू) द्वारा नवगठित 40 वार्डो के परिसीमांकन प्रस्ताव तैयार किये गये है, जिनके सीमांकन का वार्ड वाईज विवरण नगर पालिका राजगढ (चूरू) के नोटिस बोर्ड, उपखण्ड कार्यालय, तहसील कार्यालय, पंचायत समिति, सर्व हितकारिणी पुस्ताकालय, घण्टाघर नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। अतः नवगठित वार्डो के पुर्न गठन/परिसीमांकन प्रस्ताव के विरूद्ध किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 21.01.2025 से 09.02.2025 तक कार्यालय नगरपालिका राजगढ (चूरू) में लिखित रूप से आपत्ति अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

(राकेश कुमार अरोड़ा)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, राजगढ़ (चूरू)

बेदखली आम सूचना

यह कि अजय कुमार पुत्र सांवरमल मेरा पुत्र है व उसकी पत्नी अनिता पत्नी अजय कुमार मेरी पुत्रवधु है। मेरी पुत्रवधु व मेरा पुत्र दोनों ही मेरी पुत्रवधु के पीहरवालों के अनुचित प्रभाव में है। मेरा पुत्र व पुत्रवधु मेरे साथ आए दिन व मेरे परिजनों के साथ बात बेबात झगड़ा करते रहते है। वे दोनों ना ही मेरे कहने-सुनने में है ना ही मेरी कोई बात मानते है। मेरा पुत्र करीब 10 माह से विदेश में है जो फोन द्वारा मेरी पुत्रवधु की हर प्रकार की जायज-नाजायज ख्वाहिश पूरी करने के लिये दबाव डालता है। मेरी पुत्रवधु वर्तमान में अपनी पीहर में निवास कर रही है और पीहर वालों के प्रभाव में आकर हमें झूठे मुकदमें करने और हमें व स्वंय को अहित कारित करने की धमकियां देती है। आज मैं लिखित तौर पर मेरे पुत्र व पुत्रवधु को मेरी चल व अचल समस्त सम्पति से बेदखल करता हूं व मेरा व मेरे परिवार से रिश्ता हमेशा के लिए तोडता हूं। भविष्य में मेरी चल-अचल सम्पति में इनका कोई हक व हिस्सा नही होगा न ही मेरे पुत्र व पुत्रवधु द्वारा किए गए लेन-देन के लिए व किसी प्रकार के मुकदमें के लिये मैं व मेरे परिवार के सदस्य जिम्मेदार नही होगे। आज के बाद मैंने मेरे पुत्र व पुत्रवधु को हमेशा के लिए मेरी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। सूचित रहे।

दिनांकः 20.01.2025

प्रार्थी/सूचनाकर्ता
सांवरमल उम्र 68 साल पुत्र झाबरमल जाति खटीक निवासी वार्ड नं. 20, खटीको का मोहल्ला, कस्बा तह. राजगढ जिला चूरू

राजस्थान सरकार
विचार्य विषयों के निर्धारण के लिए प्रतिवादी के नाम आह्वान पत्र
(ऑर्डर 5 रूल जाब्ता दीवानी)
न्यायालय उपखंड अधिकारी महोदय स्थान चूरू राजस्थान

नं. मु. 78 सन 2014 ता. पेशी 03.02.2025

चोथूराम आदि बनाम **घनश्याम आदि**

वादीगण प्रतिवादीगण

1. घनश्याम, 2. मोतीलाल, 3. सांवरमल, 4. गणेश कुमार, 5. मुन्नी देवी, 6. खेत देवी, 7. सोना देवी पुत्र-पुत्रीगण भोलूराम, 8. कालू, 9. गंगा, 10. बबलू, 11. माया पुत्र-पुत्रीगण भगवानाराम, 12. रामकुमार, 13. ताराचंद, 14. र